KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

कक्षा - 12

समकालीन विश्व राजनीति

अध्याय - 6

पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधन

भाग - 5

Satyaveer Yadav

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

1. पर्यावरण के प्रति बढ़ते सरोकारों का क्या कारण है ? निम्नलिखित में सबसे बेहतर विकल्प चुनें।

(क) विकसित देश प्रकृति की रक्षा को लेकर चिंतित है।

(ख) पर्यावरण की सुरक्षा मूलवासी लोगों और प्राकृतिक पर्यावासों के लिए जरूरी है।

(ग) मानवीय गतिविधियों से पर्यावरण को व्यापक नुकसान हुआ है और यह नुकसान खतरे की हद तक पहुंच गया है।

(घ) इनमें से कोई नहीं।

उत्तर – (ग) मानवीय गतिविधियों से पर्यावरण को व्यापक नुकसान हुआ है और यह नुकसान खतरे की हद तक पहुंच गया है।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

ब्राजील
रियो-डी-जेनेरियो

2. निम्नलिखित कथनों में प्रत्येक के आगे सही या गलत का चिह्न लगाएं। ये कथन पृथ्वी सम्मेलन के बारे में है -

सही

(क) इनमें 170 देश, हजारों स्वयंसेवी संगठन तथा अनेक बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने भाग लिया।

सही

(ख) यह सम्मेलन संयुक्त राष्ट्रसंघ के तत्वाधान में हुआ।

सही

(ग) वैश्विक पर्यावरणीय मुद्दों ने पहली बार राजनीतिक धरातल पर ठोस आकार ग्रहण किया।

गलत

(घ) यह महासम्मेलनी बैठक थी।

उत्तर – (क) सही (ख) सही
(ग) सही (घ) गलत

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

3. 'विश्व की साझी विरासत' के बारे में निम्नलिखित में कौन-से कथन सही है?

सही (क) धरती का वायुमंडल, अंटार्कटिका, समुद्री सतह और बाहरी अंतरिक्ष की 'विश्व की साझी विरासत' माना जाता है।

सही (ख) 'विश्व की साझी विरासत' किसी राज्य के संप्रभु क्षेत्राधिकार में नहीं आते।

सही (ग) 'विश्व की साझी विरासत' के प्रबंधन के सवाल पर उत्तरी और दक्षिणी देशों के बीच मतभेद है।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

गलत (घ) उत्तरी गोलार्द्ध के देश 'विश्व की साझी विरासत' को बचाने के लिए दक्षिणी गोलार्द्ध के देशों से कहीं ज्यादा चिंतित है।

उत्तर – (क) सही (ख) सही
(ग) सही (घ) गलत

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

4. रियो सम्मेलन के क्या परिणाम हुए ?

उत्तर – रियो सम्मेलन पर्यावरण पर हुआ सबसे महत्वपूर्ण सम्मेलन माना जाता है, रियो सम्मेलन के कारण पर्यावरण के मुद्दे पहली बार अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में आये। रियो सम्मेलन में जलवायु परिवर्तन, जैव-विविधता तथा वानिकी के संबंध में कुछ नियमों का निर्माण किया गया।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

5. 'विश्व की साझी विरासत' का क्या अर्थ है ? इसका दोहन और प्रदूषण कैसे होता है ?

उत्तर –

- विश्व की साझी विरासत अर्थ है कोई ऐसी सम्पदा जिस पर किसी एक व्यक्ति समुदाय या देश का अधिकार न हो बल्कि विश्व के संपूर्ण समुदाय का उस पर हक हो।
- विश्व की साझी विरासत के अंतर्गत प्रत्येक व्यक्ति को प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करने का अधिकार तथा संरक्षण का उत्तरदायित्व होता है।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

वर्तमान समय में बढ़ती जनसंख्या के कारण निजीकरण एवं पर्यावरण बदलाव के कारण तथा विकसित देशों के निजी स्वार्थ के कारण बड़ी तेजी से प्राकृतिक संसाधनों का दोहन और प्रदूषण हो रहा है।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

6. 'साझी परंतु अलग-अलग जिम्मेदारियां' से क्या अभिप्राय है ? हम इस विचार को कैसे लागू कर सकते हैं ?

उत्तर –

- विश्व का पर्यावरण तेजी से खराब हो रहा है। अधिकांश देश अंधाधुंध प्राकृतिक संसाधनों का दोहन कर रहे हैं।
- पर्यावरण को लेकर उत्तरी और दक्षिणी-गोलार्द्ध के देशों के रवैये में अंतर है।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- उत्तर के विकसित देश पर्यावरण के मसले पर उसी रूप में चर्चा करना चाहते हैं जिस दशा में पर्यावरण आज मौजूद है।
- दक्षिण के विकासशील देशों का तर्क है कि विश्व में पारिस्थितिकी को नुकसान अधिकांशतया विकसित देशों के औद्योगिक विकास से पहुंचा है, इसलिए पर्यावरण के प्रति उनकी जिम्मेदारी अधिक है।
- अतः अलग-अलग राष्ट्रों द्वारा पर्यावरण बचाव की अलग-अलग जिम्मेदारी निभाना अलग-अलग जिम्मेदारियां कहलाता हैं।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

7. वैश्विक पर्यावरण की सुरक्षा से जुड़े मुद्दे 1990 के दशक से विभिन्न देशों के प्राथमिक सरोकार क्यों बन गए हैं ?

उत्तर – सन् 1990 के दशक से वैश्विक पर्यावरण की सुरक्षा से जुड़े मुद्दे प्राथमिक सरोकार बन गये हैं क्योंकि –

- पर्यावरण प्रदूषण से कृषि योग्य भूमि खराब हो रही है।
- जलाशयों में बड़ी तेजी से जल स्तर घट रहा है।

मत्स्य उत्पादन लगातार कम हो रहा है।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- विकासशील देशों की बहुत बड़ी आबादी को पीने के लिए साफ पानी नहीं मिल पा रहा है।
- वनों की कटाई से जैव विविधता की हानि हो रही है।
- ओजोन परत के नुकसान से पारिस्थितिकी तंत्र ओर मनुष्य के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

8. पृथ्वी को बचाने के लिए जरूरी है कि विभिन्न देश सुलह और सहकार की नीति अपनाएँ। पर्यावरण के सवाल पर उत्तरी और दक्षिणी देशों के बीच जारी वार्ताओं की रोशनी में इस कथन की पुष्टि करें।

उत्तर – पिछले कुछ वर्षों में विश्व को पर्यावरण बड़ी तेजी से खराब हुआ।

- जिसके कारण पृथ्वी के अस्तित्व को कई गंभीर खतरे पैदा हो गए हैं।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- इसलिए विश्व के अधिकांश देशों ने पृथ्वी को बचाने के लिए परस्पर सुलह और सहकार की नीति अपनायी।
- यद्यपि पृथ्वी को बचाने के लिए दोनों गोलार्द्ध के देश वचनबद्ध दिखाई पड़ते हैं, परन्तु पृथ्वी बचाने के तरीकों पर दोनों गोलार्द्धों के देशों में सहमति नहीं बन पा रही है।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

9. विभिन्न देशों के सामने गंभीर चुनौती वैश्विक पर्यावरण को आगे नुकसान पहुंचाए बगैर आर्थिक विकास करने की है। यह कैसे हो सकता है? कुछ उदाहरणों के साथ समझाएँ।

उत्तर – पर्यावरण की रक्षा करते हुए भी आर्थिक विकास किया जा सकता है।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

उदाहरण के लिए :-

- ऊर्जा मांग की आपूर्ति के लिए गैर-परम्परागत स्त्रोतों जैसे - पवन ऊर्जा, सौर-ऊर्जा, भू-तापीय, बायो गैस आदि का उपयोग करके।
- नवीन तकनीक के द्वारा ग्रीन हाउस गैसों व क्लोरो-फ्लोरो कार्बन गैसों के उत्सर्जन को कम करके।
- वनों का संरक्षण तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण को अपनाकर।
- पानी की बर्बादी को रोककर तथा वर्षा जल को संचय कर।